भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1829
(जिसका उत्तर मंगलवार दिनांक 05 अगस्त, 2025/ 14 श्रावण 1947(शक) को दिया जाना है।)

लंबित कर बकाया और उच्च मूल्य के मामले

1829 श्रीमती रंजीत रंजन:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्री दिग्विजय सिंह:

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत जून 2025 तक लंबित कुल कर बकाया राशि पृथक-पृथक कितनी है;
(ख) जून 2025 तक रू 10 करोड़ से अधिक के कर बकाया वाले मामलों की संख्या कितनी है और इसमें, श्रेणीवार (कॉर्पोरेट, व्यक्तिगत, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) विभाजित कुल कितनी राशि शामिल है; और
(ग) न्यायिक कार्यवाही के अधीन मामलों के कारण वसूली के लिए लंबित कर बकाया राशि कितनी है और वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक वर्ष-वार ऐसे मामलों की संख्या कितनी है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क): जून 2025 तक अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत लंबित कुल कर बकाया राशि 7,01,582.73 करोड़ रुपये तथा प्रत्यक्ष करों के अंतर्गत लंबित कुल कर बकाया राशि 47,52,088.73 करोड़ रुपये है।
(ख): जून 2025 तक 10 करोड़ रुपये से अधिक कर बकाया वाले मामलों की संख्या और कुल राशि निम्नानुसार है:

अप्रत्यक्ष कर

क्रम सं.	श्रेणी	मामलों की संख्या	शामिल राशि (रुपये करोड़ में)
1.	कॉर्पोरेट	2501	1,71,311.68
2.	व्यक्तिगत	1261	52,178.86
3.	सार्वजनिक क्षेत्र	398	43,121.78
कुल		4160	2,66,612.32

प्रत्यक्ष कर

क्रम सं.	श्रेणी	मामलों की संख्या	शामिल राशि (रुपये करोड़ में)
1.	कॉर्पोरेट	25,428	18,71,001.15
2.	नॉन कॉर्पोरेट	29,626	16,76,738.80
कुल		55,054	35,47,739.95

(ग): न्यायिक कार्यवाही के अधीन मामलों के कारण वसूली के लिए लंबित कर बकाया राशि और वित्तीय वर्ष 2021-22 से अब तक वर्ष-वार ऐसे मामलों की संख्या **अनुलग्नक 'क'** के अनुसार है।

******

अनुलग्नक-'क'

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के संबंध में:

वित्तीय वर्ष	मामलों की संख्या	कार्यवाही में फंसी कुल राशि (करोड़ रुपये)
2021-22	5,53,678	20,82,699
2022-23	584012	23,52,020
2023-24	612589	31,34,621
2024-25	611294	31,25,708

- प्रत्यक्ष कर के अंतर्गत 47,52,088.73 करोड़ रुपये के कुल लंबित कर बकाया में से 35,47,739.95 करोड़ रुपये की राशि लंबित है, जहां बकाया राशि 10 करोड़ रुपये से अधिक है।
- प्रत्यक्ष कर के अंतर्गत 47,52,088.73 करोड़ रुपय के कुल लंबित कर बकाया में से 31,25,708 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न चरणों में मुकदमेबाजी के कारण लंबित है (इसमें सभी राशियों का बकाया शामिल है)।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड के संबंध में:

वित्तीय वर्ष	केंद्रीय उत्पाद शुल्क		सेवा कर		सीमा शुल्क		जीएसटी		कुल	
	मामलों की संख्या	कुल राशि (करोड़ रु.)	मामलों की संख्या	कुल राशि (करोड़ रु.)	मामलों की संख्या	कुल राशि (करोड़ रु.)	मामलों की संख्या	कुल राशि (करोड़ रु.)	कुल मामले	कुल राशि (करोड़ रु.)
2021-22	17771	64,449.98	26042	1,29,721.24	13060	28,608.38	511	971.25	57384	2,23,750.85
2022-23	17555	64,222.16	32833	1,47,896.87	13436	32,714.74	2359	4041.23	66183	2,48,875
2023-24	16657	63,739.86	38480	1,68,095.09	15811	51,944.33	7067	11076.20	78015	2,94,855.48
2024-25	14845	56,325.94	41719	1,71,779.55	18762	93,734.34	22422	49478.28	97748	3,71,318.11

- अप्रत्यक्ष कर के अंतर्गत 7,01,582.73 करोड़ रुपये के कुल लंबित कर बकाया में से 2,66,612.32 करोड़ रुपये की राशि लंबित है, जहां बकाया राशि 10 करोड़ रुपये से अधिक है।
- अप्रत्यक्ष कर के अंतर्गत 7,01,582.73 करोड़ रुपये के कुल लंबित कर बकाया में से 3,71,318.11 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न चरणों में मुकदमेबाजी के कारण लंबित है (इसमें सभी राशियों का बकाया शामिल है)।